प्रेस नोट संख्या-11
दिनांक 04.07.2025
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस
थाना अमेठी पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा
चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 बैटरी के साथ 02 शातिर चोर गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक 04.07.2025 को थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल पर बैटरी रख कर लिये जा रहे 02 संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम 1. अब्दुल रकीब पुत्र लाल मोहम्मद खान उम्र करीब 21 वर्ष व 2. अकरम खान पुत्र मोहम्मद असलम उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम भैसना थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ बताया। बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ में बताया कि "हम लोगों ने दिनांक 25.05.2025 को यह मोटरसाइकिल ग्राम श्रीरामपुर मजरे उमापुर गाना पट्टी में आयी बारात से चुराई थी। इसकी नंबर प्लेट हम लोगों ने निकालकर फेंक दिया था एवं मोटरसाइकिल पर रखी बैटरी को हम लोगों ने दिनांक 30.06.2025 को ग्राम बरियापुर में खड़े ट्रैक्टर से खोलकर चुरा लिया था।" उक्त दोनों चोरियों के संबंध में थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. अब्दुल रकीब पुत्र लाल मोहम्मद खान निवासी ग्राम भैसना थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष।
2. अकरम खान पुत्र मोहम्मद असलम निवासी ग्राम भैसना थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी-

1. चोरी 01 अदद एच एफ डीलक्स मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट। (मु0अ0सं0 158/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना व जनपद अमेठी से संबंधित)
2. चोरी की 01 अदद लिवोगार्ड बैटरी। (मु0अ0सं0 174/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना व जनपद अमेठी से संबंधित)

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीः-

- मु0अ0सं0 158/25 धारा 303(2),336(2),317(2),319(2),318(4) बीएनएस थाना व जनपद अमेठी।
- मु0अ0सं0 174/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना व जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. श्री रवि कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक अमेठी जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 दिनेश सिंह थाना व जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 राजेश कुमार भान थाना व जनपद अमेठी।
4. का0 अशोक प्रताप सिंह थाना व जनपद अमेठी।
5. का0 श्याम जी थाना व जनपद अमेठी।
6. का0 राजेश यादव थाना व जनपद अमेठी।

अभियुक्त अब्दुल रकीब का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 84/23 धारा 380,411,457 भादवि थाना व जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 80/823 धारा 380,411,457 भादवि थाना व जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 83/23 धारा 382,411 भादवि थाना व जनपद अमेठी।